हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026

11 आरपीएस की पांच छात्रों ने प्राप्त किए 99.6% अंक



12 महेंद्रगढ़ में दमकल व्यवस्था पर सवाल...





## खबर संक्षेप

### नहरों में नहाने और छलांग लगाने पर पाबंदी

**नारनौल।** जिलाधीश कप्तान मनोज कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जिले से गुजरने वाली सभी नहरों में नहाने, कूदने या छलांग लगाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश गर्मी के मौसम में नहरों के तेज बहाव और गहराई के कारण होने वाली संभावित डूबने की घटनाओं और जानमाल के नुकसान को रोकने के लिए जारी किया गया है।

### परशुराम जयंती पर सिहमा में हवन 19 को

**नारनौल।** अक्षय तृतीया पर 19 अप्रैल को भगवान शिव परशुराम मंदिर परिसर सिहमा में हवन यज्ञ किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक एडवोकेट हेमंत भारद्वाज ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यातिथि बाबा भैरूं आश्रम खोल के मुख्य महंत लालनाथ महाराज होंगे। अध्यक्षता आचार्य क्रांति निर्मल शास्त्री करेंगे। उन्होंने बताया कि गत 10 वर्षों से लगातार गांव के मंदिर परिसर में भगवान परशुराम जयंती के अवसर कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

### शिकायतों के समाधान में कोताही न बरतें अधिकारी

**महेंद्रगढ़।** डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि समाधान शिविर में आनी वाली शिकायतों का संबंधित विभाग जल्द से जल्द समाधान करे। शिकायतों के निवारण में कोई भी अधिकारी कोताही करता है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डीसी कैप्टन मनोज कुमार वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय परिसर स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुन रहे थे। वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में कुल 25 नागरिकों की समस्याएं सुनी गई।

### बाल विवाह रोकने के लिए प्रशासन सख्त

**नारनौल।** आगामी 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त पर होने वाले विवाह आयोजनों के मद्देनजर जिला प्रशासन ने बाल विवाह की रोकथाम के लिए कमर कस ली है। जिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सरीता शर्मा ने बताया कि 19 अप्रैल को जिलेभर में मैरिज पैलेस, धर्मशाला, सामुदायिक भवनों, बैंक्वेट हॉल में जमकर शहनाई गूंजेंगी। कई जोड़े शुभ मुहूर्त की पावन बेला पर परिणय सूत्र में बंधेंगे। सरीता शर्मा ने बताया कि बाल विवाह के आयोजन के संबंध में सूचना दें।

# आरती राव के प्रयासों से अटेली के गांवों को मिली 12.50 करोड़ रुपये की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

> बजट के तहत ब्लॉक कनीना, सिहमा और अटेली के गांवों में सड़क, जल निकासी और सामुदायिक भवनों का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

हरियाणा सरकार ने अटेली विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई गति देते हुए 12 करोड़ 49 लाख 68 हजार रुपये की विकास परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं के माध्यम से क्षेत्र के दर्जनों गांवों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इन विकास कार्यों से अटेली हलके के लोगों का जीवन स्तर और बेहतर होगा। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया किया कि इस बजट के तहत ब्लॉक कनीना, सिहमा और अटेली के गांवों में सड़क, जल निकासी और सामुदायिक भवनों का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

> गली, रास्ते और व्यायामशालाओं के निर्माण से बदलेगी ग्रामीण अंचल की सूरत

### विकास की योजना में हर गांव की जरूरत का रखा ध्यान



स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि विकास की इस योजना में हर गांव की जरूरत का ध्यान रखा गया है। इसके तहत राता खुर्द में 7.34 लाख रुपये की लागत से पाइपलाइन डालने, महासर में 8.59 लाख से पार्क व फुटपाथ निर्माण और कारिया में 6.61 लाख से जल निकासी कार्य को स्वीकृति मिली है। इसी प्रकार, गढ़ी रूथल में 20.51 लाख रुपये से फिरनी निर्माण, सुजापुर व फतेहपुर में 5.08-5.08 लाख की लागत से स्वागत गेट चंदपुरा में 11.5 लाख रुपये की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क, सलीमपुर (तुर्कियावास) में लाइब्रेरी के फर्नीचर के लिए 4.90 लाख, खोड़ में नाले के निर्माण के लिए 19.19 लाख, बजाड़ में वेस्ट वॉटर पाइपलाइन के लिए 12.57 लाख, और सैदपुर में 20.95 लाख रुपये से इंटरलॉकिंग टाइल्स की गली बनाई जाएगी। इसी प्रकार गांव पृथ्वीपुरा में इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क के लिए 3.80 लाख, सराय बहादुर नगर में ग्रामीणों की सुविधा के लिए 27.46 लाख रुपये की लागत से एक बड़ा हॉल बनाया जाएगा।

### दौंगड़ा अहीर में इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क के लिए 8.90 लाख

दौंगड़ा अहीर में इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क के लिए 8.90 लाख, सिलारपुर में इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क के लिए 8.89 लाख, सागरपुर में सड़क के दीवार के निर्माण के लिए 8.19 लाख, कोटिया में जिम के ओपनिंग के लिए 3.9 लाख, स्याना में इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क के लिए 9.6 लाख, सिहोर में पंचायती फॉर्म के रास्ते के लिए 5.42 लाख व दीवार के निर्माण के लिए 6.50 लाख, बाघोत में मेले के ग्राउंड में इंटरलॉकिंग टाइल्स के लिए 10 लाख, खरखड़ाबास में रास्ते के लिए 9.46 लाख, सेहलंग में नाले के निर्माण के लिए 17.98 लाख, मानपुरा में जिम की ओपनिंग के लिए 3.9 लाख, झाड़ली में नाले के निर्माण के लिए 13.41 लाख, गाहड़ा में स्टेज में तीन साइड के लिए 7.95 लाख, ककराला स्कूल में ट्रैक निर्माण व लाइब्रेरी के लिए 17.26 लाख, दौंगली में पार्क के निर्माण के लिए 9.98 लाख, गोमला माता मंदिर में दीवार के निर्माण के लिए 9.56 लाख, कोका में टाईलों की सड़क का निर्माण व रिपेयर के लिए 13.54 लाख, इसराना में इंटरलॉकिंग टाइल सड़क के लिए 16.24 लाख, ढाणा में 45.23 लाख रुपए की लागत से 2 एकड़ में पार्क व व्यायाम शाला बनाई जाएगी। इसी प्रकार भड़फ में जिम हाल के निर्माण के लिए 17.5 लाख, बेवल में इंटरलॉकिंग टाइल सड़क के लिए 14.89 लाख, तिगरा में इंटरलॉकिंग टाइल सड़क के लिए 11.6 लाख, बेगपुर में इंटरलॉकिंग टाइल सड़क के लिए 2.3 लाख, राजपुरा में इंटरलॉकिंग टाइल सड़क के लिए 26.99 लाख, बिहाली में इंटरलॉकिंग टाइल सड़क के लिए 15.3 लाख, बेगपुर में 1.99 लाख रुपए की लागत से शमशान घाट के रास्ते का निर्माण किया जाएगा। रामबास में इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क के लिए 25.76 लाख, ताजपुर में 63.47 लाख, भड़फ में 9.71 लाख, इसराना में 15.72 लाख, कोटिया में 27.51 लाख, स्याना में 22.51 लाख, करीरा में 89.12 लाख, भड़फ में 24.8 लाख, ढाणा में 25.53 लाख, खैराना में 61.83 लाख, खैराना में 39.99 लाख, सुंदरह में 39.99 लाख, भीलवाड़ा में 8.89 लाख, तिगरा में 2.6 लाख, दौंगड़ा अहीर में 67.41 लाख, कारिया में 56.84 लाख, बौचड़िया में 53.44 लाख, बाछौद में 45.13, लाख, कांटी में 55.71 लाख, सराय बहादुर 18.63 व कुंजपुरा में 30.43 लाख रुपए की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क का निर्माण किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने स्पष्ट किया कि सभी कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएंगे, ताकि विकसित हरियाणा के संकल्प को धरातल पर उतारा जा सके।

### नगर पालिका में विकास कार्यों एवं पूर्व में प्रेषित पत्रों पर नहीं हुई कार्रवाई

# अनियमितताओं को लेकर डीएमसी को भेजी शिकायत, धरने की चेतावनी

> हाउस मीटिंग को शांतिपूर्ण एवं सफल बनाए जाने के लिए आवश्यक हस्तक्षेप करने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नगर पालिका में विकास कार्यों, प्रशासनिक अनियमितताओं एवं पूर्व में प्रेषित पत्रों पर कोई कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर नगर पालिका चेयरमैन ने डीएमसी को शिकायत भेजी है। इसके अलावा प्रधान ने कार्रवाई नहीं करने को लेकर धरना प्रदर्शन की भी चेतावनी दी है।

चेयरमैन रमेश ने डीएमसी को भेजी शिकायत में कहा कि नगर पालिका महेंद्रगढ़ में संचालित करोड़ों रुपये के विकास कार्यों में संभावित अनियमितताओं, टेंडर प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी, नगरपालिका में उपलब्ध एवं अनुपलब्ध गायब अभिलेखों की सूची, सफाई व्यवस्था, डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था तथा अन्य जनहित से जुड़े अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में उनके द्वारा आपको एवं आपके अधीनस्थ अधिकारियों को अनेक बार मौखिक एवं लिखित रूप से पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है। इसके अतिरिक्त, नगर पालिका कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा कार्यालय में उपस्थिति अनुपस्थिति की सूचना का अभाव, आमजन के लिए पूछताछ केंद्र एवं बैठने की समुचित व्यवस्था का न होना जैसे गंभीर प्रशासनिक विषयों पर भी बार-बार ध्यान आकर्षित किया गया है। परंतु आज तक उपरोक्त किसी भी विषय पर न तो कोई लिखित उत्तर उपलब्ध कराया गया है और न ही किसी प्रकार की ठोस एवं प्रभावी कार्रवाई की गई है, जो कि अत्यंत गंभीर चिंता का विषय है तथा प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है।

इसके अतिरिक्त, नगर पालिका महेंद्रगढ़ में नगर के विकास कार्यों एवं वर्ष 2026-27 के बजट पारित किए जाने के लिए आयोजित हाउस बैठक में कुछ पार्षदों द्वारा बार-बार हंगामा, अनुशासनहीनता एवं कोरम के अभाव के कारण पिछली पांच बैठकों को स्थगित करना पड़ा है। इसको लेकर तीन चार बार शिकायत कर चुके हैं। हाउस मीटिंग को शांतिपूर्ण एवं सफल बनाए जाने के लिए आवश्यक हस्तक्षेप करने का आह्वान किया गया था, लेकिन इस विषय में भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। मीटिंग आयोजित न होने के कारण अनेक महत्वपूर्ण जनहित कार्य लंबित हो गए हैं, जिनमें विशेष रूप से शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के बरामदों को नियमित करने, ब्याज एवं पेनेल्टी में रियायत प्रदान करने, बालाजी चौक से आईटीआई रोड तक की दुकानों का किराया पुनः प्रारंभ करवाने तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव शामिल हैं, जिससे आमजन में भारी रोष व्याप्त है।



महेंद्रगढ़। नगर पालिका का मुख्यद्वार। फोटो : हरिभूमि

#### ये कार्य पड़े हैं पेंडिंग

- शहर में लगभग 5 किलोमीटर तक प्रमुख मार्ग को मॉडल रोड के रूप में विकसित करना।
- पूरे शहर के लिए समुचित पानी निकासी (ड्रेनेज) व्यवस्था स्थापित करना।
- अति आधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण।
- अति आधुनिक लाइब्रेरी की स्थापना।
- मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण।
- मोड़ावाली आश्रम के सामने स्थित भूमि का समुचित विकास करना।
- चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क का पुनर्विकास।
- देवीलाल पार्क का विकास।
- शहर के सभी प्रमुख चौराहों का सौंदर्यीकरण।
- खोखा/रेहड़ी व्यापारियों के लिए नियत स्थान निर्धारित करनाशामिल हैं।

#### यह बोले चेयरमैन

चेयरमैन रमेश सैनी ने कहा कि अगर 20 अप्रैल तक उपरोक्त विषयों पर कोई स्पष्ट उत्तर एवं ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है तो यह माना जाएगा कि आपके अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा जनहित से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी को छुपाया जा रहा है एवं अनियमितताओं भ्रष्टाचार को संरक्षण प्रदान किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में बाध्य होकर प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर समस्त मामलों को साक्ष्यों सहित सार्वजनिक किया जाएगा तथा शहर के प्रबुद्ध नागरिकों, समाजसेवी संगठनों, धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं एवं आमजन को साथ लेकर 21 अप्रैल से धरना-प्रदर्शन प्रारंभ किया जाएगा, जिसकी जिम्मेवारी नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई निलंबन किए जाने तक निरंतर जारी रहेगा।

## न्यूज डायरी



### निर्भय व लगन ने प्राप्त किए 98 प्रतिशत अंक

**नारनौल।** सीबीएसई की ओर से घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में एमआर पब्लिक स्कूल ने मिशाल कायम की है। स्कूल के शत प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। परीक्षा परिणाम में मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। स्कूल के निर्भय व लगन ने 98 प्रतिशत अंक के साथ कीर्तिमान स्थापित करते हुए नाम रोशन किया है। कुल विधार्थियों में से 11 ने 90 प्रतिशत, 20 ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। लगन ने गणित में 100 व विज्ञान में 97, वंशिका ने हिन्दी मे 98, जन्नत ने अग्रेजी विषय में 98, निर्भय ने सामाजिक विज्ञान में 98 अंक हासिल कर का गौरव बढ़ाया। हिन्दी विषय में 40, अंग्रेजी में 14, गणित में 11, सामाजिक विज्ञान में 10 व विज्ञान विषय में नौ बच्चों ने 90 से अधिक अंक प्राप्त किए।



### राव रामचंद्र स्कूल के विद्यार्थियों ने मनवाया लोहा

**कनीना।** सीबीएसई द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में राव रामचंद्र मेमोरियल स्कूल का परिणाम शानदार रहा। स्कूल के विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। घोषित परिणाम के अनुसार, हर्षिता पुत्री संदीप जाजू ने 97.20 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं जया पुत्री प्रदीप कुमार ने 95.60 प्रतिशत लेकर द्वितीय और दक्ष पुत्र सुनील कुमार ने 94 अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के 41 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक योग्यता का परिचय दिया है, जिसमें पूजा 93.60, दिपेंद्र सिंह, जतिन यादव 91.80, केशव 91.20 और सपना कुमारी 90.20 शामिल है।



### एसडी विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा ऐतिहासिक

**कनीना।** सीबीएसई की ओर से जारी किए गए 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में एसडी विद्यालय ककराला के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। विद्यालय के छात्र हैप्पी ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कशिश ने 98 प्रतिशत अंक, किंजल ने 97.8 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। चेयरमैन जगदेव यादव व प्रधानाचार्या शिप्रा सारस्वत ने बताया कि विद्यार्थियों ने गणित, सामाजिक विज्ञान व आईटी विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक क्षमता का परिचय दिया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय का प्रत्येक दूसरा विद्यार्थी मेरिट सूची में स्थान बनाने में सफल रहा है, जो क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है।




### सरस्वती स्कूल के 60 विद्यार्थी मेरिट सूची में

**नांगल चौधरी।** सीबीएसई की ओर से घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने अपना ही रिकार्ड तोड़कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। स्कूल के 60 विद्यार्थियों को मेरिट सूची में स्थान बनाने में कामयाबी मिली है, साथ ही 22 ने 90 फीसदी से अधिक अंक लेकर संस्था का गौरव बढ़ाया है। स्कूल प्रबंधन कमेटी ने मेधावी विद्यार्थियों को पुष्पमाला पहनाकर प्रोत्साहित किया। प्राचार्या वंदना यादव ने बताया कि कुल 110 विद्यार्थी परीक्षा में पंजीकृत थे, जिनमें से 60 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया।



### परीक्षा परिणाम में माता मरियम का शानदार प्रदर्शन

**नारनौल।** माता मरियम जनसेवा विद्यालय के विद्यार्थियों ने 10वीं कक्षा में बेहतरीन परीक्षा परिणाम दिए। छात्रा खुशी वाधवा ने अटेली बाल ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सार्थक सिंघल ने द्वितीय, ध्रुव व अदिति यादव तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के 51 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करके कीर्तिमान स्थापित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य फादर जॉन एम फर्नांडिस, मैनेजर फादर रंजित सोरेंग, हेड मिस्ट्रेस सिस्टर सविता व कोऑर्डिनेटर रितु शर्मा ने प्रतिभाशाली छात्रों के साथ केक काटकर उनकी उपलब्धियों पर उन्हें बधाई दी।






### राव नेतराम स्कूल का परिणाम सराहनीय

**नारनौल।** सीबीएसई की ओर से 10वीं कक्षा परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें राव नेतराम पब्लिक स्कूल सलीमपुर ने अपना प्रदर्शन दिखाया। इस अवसर पर प्राचार्य अनिता देवी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए बताया कि परीक्षा परिणाम में छात्रा निकिता पुत्री नरेन्द्र बिहाली ने 92 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम, खुशबू पुत्री हरिकिशन कटकई व प्रिया पुत्री बलवान ने 91 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय तथा रिया पुत्री पवन नांगल ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के 30 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया।

# अटेली विसा में 21 को पहुंचेगी सद्भाव यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

अटेली के एक निजी होटल में वीरवार को चौधरी वीरेंद्र सिंह के पूर्व राजनीतिक सलाहकार उदयवीर पूनिया की अध्यक्षता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उदयवीर पूनिया ने कहा कि 21 अप्रैल से अटेली विधानसभा में बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा आएगी, जिसको लेकर रोड मेप तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा कांग्रेस पार्टी की यात्रा है। राहुल गांधी की परमिशन से यह यात्रा चली हुई है। आपको बता दूं इस सद्भाव यात्रा को लेकर प्रदेश की 76 विधानसभाओं को कवर कर दिया है। इस यात्रा की शुरुआत सही मायने में तो आपके इलाके से हुई थी। कुछ लोगों की धारणा ही थी कि जींद एवं हिसार में उनके स्वयं के घर है उस साइड तो यह यात्रा निकाल लेंगे। उसके बाद यह कैसे निकालेंगे, लेकिन आप लोगों की नांगल चौधरी जिस प्रकार से जन समर्थन दिया उसी के कारण आज यात्रा अपने सर्वोच्च पर है।

यह सद्भाव यात्रा जो राज्य में भाईचारे को मजबूत करने और जनता से जुड़ने का एक अभियान है। यह यात्रा 5 अक्टूबर 2025 को जींद शुरू हुई थी। कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष सतवीर झूकिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अटेली विधानसभा के कार्यकर्ता इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में बुलाए गए हैं। जल्द ही प्रदेश अध्यक्ष की यात्रा में शामिल होंगे।



मंडी अटेली। सद्भाव यात्रा को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेन्स करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### यदुवंशी का शानदार सीबीएसई परिणाम

**नारनौल।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन ने सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में अपनी श्रेष्ठता साबित की है। विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। छात्रा इशिका मित्तल पुत्री अनिल मित्तल व खुशी पुत्री मनोज कुमार ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया। विद्यालय में कुल 350 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। जानवी पुत्री डोडराम ने 98.2 प्रतिशत, केशव गुप्ता पुत्र दीपक गुप्ता 97.6, रीति यादव पुत्री राहुल 97.4, सुजल पुत्री राजपाल 97.4, रितिका डूमरोलिया पुत्री सुधीर कुमार 97.2, निखिल राव पुत्र अजीत सिंह 97.2, निशांत कुमार पुत्र संजय कुमार 97.2, मुस्कान यादव पुत्री मनोज कुमार 97.2, पूर्वा यादव पुत्री सुरेंद्र कुमार 97, दिव्या पुत्री मंजीत 96.8, कशिश पुत्र नरेन्द्र कुमार 96.8% अंक प्राप्त किए।

# अतिक्रमण हटाने गई टीम बिना कार्रवाई वापस लौटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

बलाहां कलां गांव में नेशनल हाईवे नंबर-11 से गांव बलाहां खुर्द को जाने वाले मार्ग पर अतिक्रमण हटाने के लिए होने वाली पैमाइश नहीं हो सकी। पैमाइश के लिए पहुंची टीम रिकॉर्ड उपलब्ध न होने के कारण बिना कार्रवाई किए ही वापस लौट गई। गांव बलाहां खुर्द की सरपंच आशा के प्रतिनिधि अतर सिंह ने इस संबंध में समाधान शिविर में शिकायत दी थी। शिकायत के बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू की थी। डीसी के निर्देश पर सीटीएम ने जांच पीडब्ल्यूडी को सौंपी, जिसके बाद पीडब्ल्यूडी ने तहसीलदार, हल्का गिरदावर व पटवारी को पैमाइश के निर्देश दिए थे। इसके लिए नोटिस भी जारी किए गए थे तथा करीब 350 से अधिक ग्रामीणों के हस्ताक्षर भी करवाए गए थे। अतर सिंह ने बताया कि नेशनल हाईवे नंबर-11 से बलाहां खुर्द तक करीब दो से 2.5 किलोमीटर लंबा और लगभग 44 फुट चौड़ा रास्ता है, लेकिन वर्तमान में रास्ते के दोनों ओर दुकानों व घरों के विस्तार के कारण अतिक्रमण हो चुका है। इससे बड़े वाहनों की आवाजाही में भारी परेशानी हो रही है। हल्का गिरदावर परशुराम ने बताया कि इस मार्ग से संबंधित रिकॉर्ड पूर्ण रूप से उपलब्ध नहीं है। उनके अनुसार, फील्ड बुक वर्ष 1984 से गायब है।

### विद्यार्थियों एवं आमजन को विस्तार से दी जानकारी

# अटेली महाविद्यालय में निकाली नारी शक्ति पदयात्रा

> कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य ने पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

राजकीय महाविद्यालय अटेली में नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत वीरवार को नारी शक्ति पदयात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं आमजन को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। यह आयोजन हरियाणा सरकार एवं उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार किया गया जिसका उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण, सम्मान, अधिकार एवं जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार सैनी ने पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया।




मंडी अटेली। महाविद्यालय में पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

#### लोगों को किया जागरूक

पदयात्रा में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, एनएसएस स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेट्स तथा स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने हाथों में बैनर और स्लोगन युक्त प्लेकार्ड लेकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और नारी सशक्तिकरण-देश का उत्थान जैसे संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। पदयात्रा महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर अटेली शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई पुन महाविद्यालय पहुंची। इस दौरान छात्राओं ने महिलाओं के अधिकार, शिक्षा, सुरक्षा और समाज में उनकी भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति किसी भी राष्ट्र की प्रगति का आधार है और महिलाओं की भागीदारी के बिना समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान नारी शक्ति वंदन अधिनियम की प्रमुख विशेषताओं पर भी चर्चा की गई। बताया गया कि इस अधिनियम के तहत संसद और विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है, जिससे महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी और नेतृत्व क्षमता को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एनसीसी अधिकारी मेजर नीरज चौहान, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार, मोनिका यादव सहित अन्य स्टाफ सदस्यों का विशेष योगदान रहा। अंत में अक्षत कुमार ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में दो युवक पकड़े

**नारनौल।** गांव कोरियावास में बने महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज में उस समय हड़कंप मच गया, जब संदिग्ध परिस्थितियों में दो युवकों को पकड़ लिया गया। दोनों युवक पंजाब नंबरों की एक स्विफ्ट कार में सीसीटीवी कैमरे व अन्य कीमती सामान लेकर मेडिकल कॉलेज से नारनौल की ओर जा रहे थे। मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर विजेंद्र सिंह ढिल्लो के ड्राइवर को उनकी गतिविधियों पर संदेह हुआ। उसने कार रुकवाने का इशारा किया, लेकिन युवक भागने का प्रयास करने लगे। तभी मौके पर मौजूद होमगार्ड के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को पकड़ लिया और गाड़ी सहित मेडिकल कॉलेज परिसर में ले आए। घटना की सूचना तुरंत डायल 112 को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों युवकों से पूछताछ की। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दोनों युवक पहले मेडिकल कॉलेज में सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम कर चुके हैं।

## सीबीएसई का परिणाम : विद्यार्थियों ने आरपीएस समूह का नाम पूरे देश में गौरवान्वित किया

# आरपीएस की पांच छात्रों ने प्राप्त किए 99.6% अंक

आरपीएस के 64 विद्यार्थियों ने 99 प्रतिशत, 734 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत व 1567 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक किए हासिल

वहीं विषयवार देखें तो इंग्लिश में 29 विद्यार्थियों ने, मैथ्स में 102 विद्यार्थियों ने, हिन्दी में आठ विद्यार्थियों ने, साइंस में आठ विद्यार्थियों ने, सामाजिक विज्ञान में 43 विद्यार्थियों ने, जापानी में एक विद्यार्थियों ने व इन्फॉरमेशन टैक्नॉलोजी में 302 विद्यार्थियों ने 100/100 अंक प्राप्त कर नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।



महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

सीबीएसई द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में आरपीएस शिक्षण संस्थान की दिव्या यादव, अदित्री, ओनवी यादव, रिद्धिमा यादव व आदित्य वशिष्ठ ने 99.6 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ओनवी, संस्कार सिंगला, हेमांश गोला, देवीक मुदगिल ने 99.4 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान व समर तोमर, दिव्यांश, अविनव, आरोही वैश, वृष्टि, नैतिक गौचर, तनव जैन, अमूल्य बागौतिया, तिक्षा राज यादव ने 99.2 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त कर पूरे आरपीएस समूह का नाम पूरे देश व प्रदेश में गौरवान्वित किया है।

सीईओ इंजि. मनीष राव ने बताया कि आरपीएस संस्था के 493 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषय में 100/100 अंक प्राप्त कर विषय की वरियता सूचि में प्रथम स्थान हासिल किया।

वहीं विषयवार देखें तो इंग्लिश में 29 विद्यार्थियों ने, मैथ्स में 102 विद्यार्थियों ने, हिन्दी में आठ विद्यार्थियों ने, साइंस में आठ विद्यार्थियों ने, सामाजिक विज्ञान में 43 विद्यार्थियों ने, जापानी में एक विद्यार्थियों ने व इन्फॉरमेशन टैक्नॉलोजी में 302 विद्यार्थियों ने 100/100 अंक प्राप्त कर नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इसके साथ-साथ आरपीएस स्कूल के 99 प्रतिशत से अधिक 64 विद्यार्थियों ने, 98 प्रतिशत से अधिक 188 विद्यार्थियों ने 97 प्रतिशत से अधिक 343 विद्यार्थियों ने, 96 प्रतिशत से अधिक 539 विद्यार्थियों ने, 95 प्रतिशत से अधिक 734 विद्यार्थियों ने, 90 प्रतिशत से अधिक 1567 व 85 प्रतिशत से अधिक 2364 विद्यार्थियों ने प्राप्त कर अपने माता-पिता व आरपीएस स्कूल का नाम पूरे क्षेत्र में रोशन किया।

### आरपीएस समूह के लिए गौरवमयी क्षण

आरपीएस समूह चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव एवं संस्था सीईओ इंजि. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव, डायरेक्टर संदीप देशवाल, श्रीभगवान यादव, हंसराज, डॉ. सुधीर जांगड़ा, अमन व विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य- डॉ. किशोर तिवारी, विक्रम यादव, रमन प्रित कौर, प्रिति लाम्बा, बाबूलाल यादव, अंजू यादव, एकता सचदेवा, पूजा शर्मा, शिवा यादव, किरण यादव, शिम्पी सिंह, रेणू राघव, सुभाष चन्द, ज्योति भट्ट, संगीता यादव, रेणू गुलिया, विजय दण्डवते व किर्ति आहूजा ने अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को बधाई देते हुए आरपीएस समूह के लिए गौरवमयी क्षण बताया।

### कठिन मेहनत से किया गया कार्य का प्रतिफल सदा होता है मीठा

सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10वीं के परिणामों में महसविन शौर्य अहलावत, कनक, पूर्वी, दिशा जाटराना, श्रेया गुप्ता, चाहत, अरूसिल कुमार, अनन्या पारिक, हर्षिता यादव, नव्या चौधरी, महक यादव, तनिष्का गारोदिया, अंशु, गरिमा, सुहानी, सोनम, हेमन्त सरावत, अनिशा, दिपांशु, रितुश्री, सृष्टि शर्मा, याशिका यादव, देवेश, नव्या रावल, सानवी राव, नमन सिंगला, सृष्टि यादव, विहान अग्रवाल, निपुन गोयल, रक्षित, राघव गुप्ता, नैना यादव, पुरूषार्थ भट्ट, हिरल वर्मा, लक्ष्य मेधा, आदिती राव, याशिका, संध्या सुहाग, तनिशा, विहान फलसवाल, नेहा, प्रिया, सानवी, आयाना भाथिजा, रितिका, लविश शर्मा सहित 64 विद्यार्थियों ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित कर प्रेरणापुंज का कार्य किया। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि आरपीएस संस्था विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए अपनी कड़ी मेहनत के बल पर सदा दृढ़ संकल्पित है। सीईओ इंजि मनिष राव ने कहा कि कठिन मेहनत से किया गया कार्य का प्रतिफल सदा मीठा होता है।

## मॉडर्न स्कूल का 10वीं कक्षा का परीक्षा सराहनीय



महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा दसवीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम 15 अप्रैल को घोषित किया गया। मॉडर्न स्कूल की कक्षा दसवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा। मॉडर्न स्कूल प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया कि हमारे स्कूल के 51 विद्यार्थियों ने दसवीं कक्षा की परीक्षा दी थी, जिसमें से 10 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 19 विद्यार्थियों ने कक्षा दसवीं में 80 से अधिक अंक प्राप्त किए। 27 विद्यार्थियों ने कक्षा दसवीं में 70 से अधिक अंक प्राप्त किए। 39 विद्यार्थियों ने कक्षा दसवीं में 60 से अधिक अंक प्राप्त किए। 46 विद्यार्थियों ने कक्षा दसवीं में 50 से अधिक अंक प्राप्त किए।

## इंडस वैली स्कूल का परिणाम रहा शत-प्रतिशत



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में इंड्सवैली पब्लिक स्कूल दौंगड़ा अहीर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो संस्था की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का प्रमाण है। प्राचार्य जयवीर सिंह यादव ने हुए बताया कि इस वर्ष 100 विद्यार्थियों ने बोर्ड की परीक्षा दी, जिसमें 28 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, वहीं 75 प्रतिशत से अधिक 85 छात्र रहे जो विद्यालय की मजबूत शैक्षणिक नींव को दर्शाता है। इतिशा पुत्री राजकुमार ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं पायल पुत्री नरेन्द्र ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और इशिका पुत्री अनिल ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। विषयवार प्रदर्शन भी बेहद प्रभावशाली रहा। गणित, सामाजिक विज्ञान और म्यूजिक में छात्रों ने 100 में से 100 अंक हासिल किए। इसके अलावा विज्ञान में 99, हिंदी में 99 और इंग्लिश में 98 अंक प्राप्त किए गए। चेयरमैन धर्मेंद्र यादव ने बताया कि हमारे विद्यार्थियों की यह सफलता पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है। हमें गर्व है कि हमारे बच्चे न केवल शैक्षणिक बल्कि नैतिक मूल्यों में भी उत्कृष्ट हैं। संस्था उप चेयरमैन विजय सिंह यादव, निदेशक केसी यादव, उप-प्राचार्य वीर सिंह यादव, समस्त शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## कलवाड़ी की बेटी गरिमा यादव का कमाल



**नारनौल।** गांव कलवाड़ी की प्रतिभाशाली छात्रा गरिमा यादव पुत्री पंकज कुमार ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उनकी इस शानदार सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी व गर्व का माहौल है। गरिमा ने हिंदी में 99 अंक, अंग्रेजी में 98 अंक, गणित में 98 अंक,सामाजिक विज्ञान में 97 अंक, सूचना प्रौद्योगिकी में 100 अंक व विज्ञान में 92 अंक प्राप्त किए है। गरिमा के पिता पंकज कुमार शिक्षा के महत्व को प्राथमिकता देते आए हैं। उनकी माता सूची यादव एसडीएम कार्यालय महेंद्रगढ़ में कार्यरत है। दादा अजीत सिंह कलवाड़ी भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रह चुके हैं।

## हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल का 10वीं परिणाम शत-प्रतिशत



**मंडी अटेली।** हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल सलीमपुर का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी शानदार रहा। स्कूल ने शत प्रतिशत परिणाम दर्ज करते हुए सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस उपलब्धि से छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई। स्कूल में 17 विद्यार्थियों में से 11 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया, जो स्कूल के लिए गर्व का विषय है। परिणाम घोषित होते ही स्कूल परिसर में जश्न का माहौल बन गया। छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर अपनी खुशी जाहिर की।

## प्रतिज्ञा ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर पाया प्रथम स्थान



**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड दसवीं की परीक्षा परिणाम में बेहतरीन सफलता प्राप्त कर विद्यालय एवं अभिभावकों का नाम रोशन किया। लंबे समय से परिणाम का इंतजार कर रहे विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय से प्रतिज्ञा पुत्री जगरूप ने 99 प्रतिशत, कनिका यादव पुत्री दिनेश कुमार ने 98.2, भावना पुत्री सोनू ने 97.6, संध्या पुत्री भरत सिंह ने 97.2, वंश महलावत पुत्र प्रवीण ने 97, रक्षित यादव पुत्र सुदेश कुमार ने 96.8, दीप्ति पुत्री सोमप्रकाश ने 96.6, गौतम यादव पुत्र राकेश कुमार ने 96.2, चित्रा पुत्री रमेश कुमार ने 96, खुशी यादव पुत्री अशोक कुमार ने 96, हिमांशी पुत्री अर्जुन ने 95.8, दीपांशी पुत्री शमशेर ने 95.4% अंक प्राप्त किए।

## परीक्षा में गैलेक्सी का हर चौथा छात्र 90 प्रतिशत से ऊपर



**महेंद्रगढ़।** गैलेक्सी स्कूल बवानिया ने सीबीएसई बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में 100 प्रतिशत रिजल्ट हासिल किया है। स्कूल की टॉपर छात्रा भावना पुत्री सोमदत्त निवासी बवानियां ने 95.2 प्रतिशत अंक लेकर पहले स्थान पर रही है। इसके बाद छात्रा भावना रानी पुत्री विक्रम सिंह निवासी चीतलाग तथा छात्र अभिनव पुत्र संजय कुमार निवासी सुरजनवास दोनों ने संयुक्त रूप से 93.6 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान पर रहे तथा छात्रा पलक पुत्री वीर सिंह निवासी डेरोली जाट ने 92.6 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। छात्र आदविक पुत्री दरियाव सिंह निवासी बवानिया ने 91.86, छात्र रक्षित पुत्र प्रमोद कुमार निवासी सुरजनवास ने 90.2 तथा छात्र मनीष पुत्र संजय कुमार निवासी सुरजनवास ने 89.9 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

## नांगल चौधरी क्षेत्र में श्रीकृष्ण स्कूल का परचम



**नारनौल।** नांगल चौधरी क्षेत्र में एक बार फिर श्रीकृष्ण सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भुंगारका ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का लोहा मनवाते हुए सीबीएसई 10वीं कक्षा के परिणाम में प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर न केवल स्कूल, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस वर्ष के परिणामों में छात्रा निधि पुत्री कृष्ण कुमार ने 500 में से 493 अंक प्राप्त कर क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दीक्षा पुत्री अनिल कुमार ने 492 अंक हासिल कर द्वितीय स्थान पर रहकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। माधव पुत्र गोविन्द ने 97.8 प्रतिशत, लक्ष्या पुत्र विकास ने 97.2 प्रतिशत, विरेन पुत्र दोलतराम ने 97 प्रतिशत, रजत पुत्र पवन कुमार ने 96.6 प्रतिशत, हर्ष पुत्र सुरेन्द्र ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

## विजय स्कूल की छात्रा अवनी के 96 % अंक



**महेंद्रगढ़।** विजय इंटरनेशनल स्कूल बलाना के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परिणाम आते ही विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल व्याप्त हो गया। विद्यालय की छात्रा अवनी पुत्री करण सिंह ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया है। विशेष बात यह है कि इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा और सभी विद्यार्थी मेरिट के साथ फर्स्ट डिवीजन से उत्तीर्ण हुए। चेयरमैन विजय यादव टूमना ने अवनी के घर जाकर उन्हें 11 हजार रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह परिणाम हमारे विद्यार्थियों की प्रतिभा, समर्पण और शिक्षकों-अभिभावकों के मार्गदर्शन का फल है।

## शानदार रहा नवज्ञान स्कूल का परीक्षा परिणाम

**नारनौल।** नवज्ञान पब्लिक स्कूल मांदी का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। छात्र मानवेंद्र पुत्र हिम्मत सिंह कोजिन्दा 460 अंक लेकर अव्वल रहा। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जिसमें 12 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज किया। चेयरमैन सोमवीर यादव व प्राचार्य आकाश शर्मा ने बताया कि गणित विषय में 11 विद्यार्थियों ने 90 से अधिक अंक लेकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसके साथ हिन्दी विषय में नौ विद्यार्थियों ने 90 से अधिक अंक प्राप्त किए। वहीं सामाजिक विज्ञान में तीन विद्यार्थियों ने 90 से अधिक अंक लेकर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

## विद्या भारती का परिणाम सराहनीय

**नारनौल।** विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर का 10वीं कक्षा का सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव ने बताया कि 10वीं कक्षा में दीपिका पुत्री मनोज निजामपुर ने हिंदी में 99, अंग्रेजी में 97, विज्ञान में 96 अंक प्राप्त कर विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इसी प्रकार पायल पुत्री संदीप ढाणी पटवारी बायल ने गणित में 96 अंक, सच्ची कुमार पुत्री कुलदीप सिंह डाबला ने सामाजिक विज्ञान में 99 अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया। वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव ने सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम के लिए सभी अध्यापकों व विद्यार्थियों को बधाई दी।



## परीक्षा परिणाम में ऐशली स्कूल अटेली ने लहराया परचम



**नारनौल।** ऐशली पब्लिक स्कूल अटेली के कक्षा 10वीं में कुल 42 बच्चों ने परीक्षा दी थी, जिसमें से कोई भी बच्चा फेल नहीं हुआ। स्कूल के छात्र हर्ष गर्ग पुत्र अरुण कुमार अटेली ने 97.8 प्रतिशत अंक हासिल करके विद्यालय में ही नहीं अपितु जिले में अपना स्थान बनाया है। इसके अलावा प्रकाश सिंह पुत्र जगदीश सिंह नीरपुर ने 94.6 प्रतिशत अंक लेकर दूसरे स्थान प्राप्त किया। आयमा खातून पुत्री करीबुल्ला मोंडल ने 94 प्रतिशत लेकर तीसरे स्थान पर रही। इन बच्चों के अलावा 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वाले आठ बच्चे, 75 प्रतिशत से ऊपर अंक लेने वाले बच्चों की संख्या 26 रही।

## श्रीकृष्णा स्कूल का 10वीं का परिणाम शत प्रतिशत



**महेंद्रगढ़।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित 10वीं वार्षिक परिणाम में श्रीकृष्णा स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। जैसे ही परिणाम की घोषणा हुई, स्कूल परिसर उत्सव के माहौल में डूब गया और विद्यार्थियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। पीआरओ सुधीर यादव ने बताया कि बोर्ड के दिशा-निर्देशानुसार फरवरी और मार्च माह में आयोजित परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों ने कड़ा अभ्यास किया था। सीनियर हेड संदीप यादव ने बताया कि छात्रा गरिमा ने 98.6 प्रतिशत अंक व प्रमोद सिंह ने 98 प्रतिशत अंक लेकर टॉपर रहे। वहीं पीयूष ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि कक्षा दसवीं के 241 विद्यार्थियों में से 133 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया।

## टैगोर ने सीबीएसई 10वीं में रचा कीर्तिमान



**महेंद्रगढ़।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय का कुल परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा, जिसने एकबार फिर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी गुणवत्ता सिद्ध की है। विद्यालय के मेधावी छात्र ऋतिक ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसके साथ ही मधु और अंजली ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। गुंजन, मन्नत और खुशी ने 96 प्रतिशत अंक, सौरव और राशि ने 95 प्रतिशत तथा दिया और आयुष ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंजली, गुंजन, मन्नत, रीवा और सौरव ने गणित में 100/100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। नौ विद्यार्थियों ने सामाजिक विज्ञान में 99 अंक, आठ विद्यार्थियों ने हिंदी एवं अंग्रेजी में 99 अंक, 12 विद्यार्थियों ने विज्ञान में 99 अंक प्राप्त किए। समग्र परिणाम की बात करें तो 96 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, 47 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए।

## बीआर ज्ञानदीप का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



**महेंद्रगढ़।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालय का परिणाम गत वर्ष की भांति इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा, जिससे विद्यालय परिवार में हर्ष और गर्व का माहौल है। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की मेधावी छात्रा तनुश्री ने 97.2 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं जिया ने 96.6 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्राओं की इस शानदार सफलता ने न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। विषयवार प्रदर्शन की बात करें तो विद्यार्थियों ने अद्भुत उपलब्धियां हासिल की। विशेष रूप से सामाजिक विज्ञान जैसे चुनौतीपूर्ण विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त करना अत्यंत सराहनीय उपलब्धि रही।

## डीएवी पब्लिक स्कूल का परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**नारनौल।** एमएलएस डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 10वीं वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम देकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय ने शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता की परंपरा को बनाए रखा है। विद्यालय की छात्रा शेल्जा बिस्सा ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं देव ने 98 प्रतिशत तथा प्रशांत ने 97.8 प्रतिशत अंक के साथ क्रमशः दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। कुल 43 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक तथा 110 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।



### एचपीएस स्कूल ने फिर मारी बाजी, चहक बनी टॉपर

**नारनौल।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए आयाम स्थापित किए। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय में इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें संस्था के एमडी डॉ. हितेश वर्मा, निधि वर्मा, निदेशक पुष्करमल वर्मा, प्राचार्य सुनील यादव व डीन मनोज भारद्वाज ने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। चहक पुत्री अश्विनी ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, पंकज गांधी पुत्र दिनेश गांधी ने 95 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय, सिद्दीका पुत्री महावीर प्रसाद ने 92.2 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुल विद्यार्थियों में से 40 ने मेरिट सूची में स्थान बनाया। विषयवार प्रदर्शन में सोशल साइंस में 100 अंक, गणित में 99 अंक, हिंदी में 98 अंक, अंग्रेजी व विज्ञान में 96.96 अंक प्राप्त किए गए।

## अरावली स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार



**महेंद्रगढ़।** सीबीएसई द्वारा दसवीं कक्षा का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें अरावली इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। स्कूल प्रबंधक अमित यादव ने बताया कि विद्यालय के सीबीएसई के दसवीं कक्षा का परिणाम में 35 विद्यार्थियों ने बोर्ड की मेधावी सूची में अपना नाम दर्ज करवाया। छात्रा विजयलक्ष्मी ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम एवं छात्रा पलक ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। संस्थापक अशोक कुमार यादव ने बधाई देते हुए सभी बच्चों की प्रशंसा की। प्राचार्य शक्ति सिंह व सीईओ महेश यादव ने बताया कि इन विद्यार्थियों से अन्य विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर पीजीटी हैड नीलम यादव, शिक्षक देवेंद्र यादव, नवीन, अजय, हेमा यादव, सुषमा यादव, सोनम तंवर आदि मौजूद थे।

## देवयानी का हर दूसरा बच्चा मेरिट लिस्ट में

**नारनौल। महेंद्रगढ़।** देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल के विद्यार्थियों का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। पूर्वा पुत्री नरेश कुमार, दिव्या प्रिया पुत्री हरिश्चंद्र, खुशबू पुत्री प्रदीप कुमार, मयंक पुत्र मनोज कुमार, मोहित पुत्र हनुमान ने 90 प्रतिशत से अधिक, दक्ष पुत्र राजकुमार, सौरव पुत्र सत्यवीर, कशिश पुत्र कुलदीप, प्रियांशु पुत्र विक्की, निकिता पुत्री सुभाष, मोनिका पुत्री राजकुमार, लक्ष्य पुत्र सतवीर, यश पुत्र प्रवीण, कनक पुत्री हवासिंह, विनय पुत्र बलवान, खुशी पुत्री पृथ्वी सिंह, हिमांशु पुत्र मुकेश, हिमांशु पुत्र सत्यनारायण, मुस्कान पुत्री महावीर, आरुष पुत्र ब्रिजेश, कमल पुत्र अजीत, प्रतीक पुत्र लीलाराम, मुस्कान पुत्र विरेंद्र आदि ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 50 प्रतिशत से अधिक बच्चों ने सीबीएसई की मेरिट लिस्ट में जगह बनाई। स्कूल प्रांगण में सम्मान समारोह का आयोजन कर सभी बच्चों को सम्मानित किया।



## राव जयराम स्कूल का दसवीं का परिणाम शानदार



सरिता चारूल प्रियांशी

**महेंद्रगढ़।** अटेली रोड पर स्थित राव जयराम सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने एक बार फिर उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देकर पूरे क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। कक्षा 10वीं के घोषित परीक्षा परिणाम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर उच्च अंक प्राप्त किए और विद्यालय का नाम रोशन किया। इस वर्ष विद्यालय का कुल परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा, जिसमें कई विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया। छात्रा चारुल पुत्री कर्मवीर ने 95.4 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान, छात्रा प्रियांशी पुत्री अश्वनी कुमार ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा तथा सरिता पुत्री राजेंद्र सिंह ने 91.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## सूरज स्कूल का 10वीं का परीक्षा का उत्कृष्ट परिणाम



**महेंद्रगढ़।** सीबीएसई द्वारा घोषित 10वीं के परीक्षा परिणाम में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों ने असीम सफलता प्राप्त की व पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए शत प्रतिशत परिणाम के साथ नए शिखर को छुआ। निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि इस परीक्षा परिणाम में छात्रा भविष्य राव ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान पर रही, इसी के साथ छात्रा साक्षी एवं छात्र आदित्य राज पाठक ने 98.4 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय एवं छात्रा भावना एवं छात्र हर्ष ने 98.2 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में विद्यालय के अन्य विद्यार्थी जिनमें साक्षी ने 98 प्रतिशत, वंशिका ने 98 प्रतिशत, प्रेरणा यादव ने 97.8 प्रतिशत, पर्तिक ने 97.6 प्रतिशत, रूद्र त्यागी 97.6 प्रतिशत, दीपिका यादव ने 97.6 प्रतिशत, प्रज्ञान शर्मा ने 97.4 प्रतिशत, हर्ष ने 97.2 प्रतिशत, सृष्टी शर्मा ने 97 प्रतिशत, ख्याति सेंगर ने 96.8 प्रतिशत, अक्षरा ने 96.8 प्रतिशत, पीयूष यादव ने 96.8 प्रतिशत, हितेश ने 96.8 प्रतिशत, दीपेश कुमार ने 96.8 प्रतिशत, नैतिक ने 96.6 प्रतिशत, इशिका ने 96.6 प्रतिशत, प्रीति ने 96.6 प्रतिशत, तनिष ने 96.6 प्रतिशत हासिल कर विद्यार्थियों ने बेहतरीन अंक के साथ परीक्षा को उत्तीर्ण किया। उन्होंने बताया कक्षा दसवीं के परिणाम में 97 प्रतिशत से अधिक 30 विद्यार्थी, 95 प्रतिशत से अधिक 70 विद्यार्थी विद्यार्थी रहे।

## 60 में से 40 कर्मचारी बीते नौ दिन से हड़ताल पर गए, व्यवस्था और बिगड़ी

# महेंद्रगढ़ में दमकल व्यवस्था पर सवाल: महज 60 कर्मियों के हवाले जिले का 1939.6 वर्ग किमी क्षेत्र, समय पर कैसे बुझेगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

महेंद्रगढ़ जिले में आगजनी की घटनाओं से निपटने वाली दमकल व्यवस्था इन दिनों गंभीर संकट से गुजर रही है। जिले में कुल 60 फायर कर्मी तैनात हैं, जिनमें से 40 कर्मचारी अस्थाई हैं और केवल 20 ही नियमित (रेगुलर) कर्मचारी हैं। हालात और भी चिंताजनक तब हो गए हैं जब इन 60 में से 40 कर्मचारी पिछले 9 दिनों से हड़ताल पर बैठे हैं। ऐसे में पूरे जिले की सुरक्षा मात्र 20 नियमित कर्मचारियों के भरोसे रह गई है।

महेंद्रगढ़ का कुल क्षेत्रफल 1939.6 वर्ग किलोमीटर है, जो भौगोलिक रूप से काफी विस्तृत है। इस बड़े क्षेत्र में आगजनी जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए महज सात दमकल गाड़ियां उपलब्ध हैं। कर्मियों की कमी और हड़ताल के चलते इन गाड़ियों का संचालन भी प्रभावित हो रहा है। सवाल उठ रहा है कि इतने सीमित संसाधनों के साथ जिले में आग पर समय रहते कैसे काबू पाया जा सकेगा।

ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। खेतों में खड़ी फसल, गोदाम, बाजार और रिहायशी इलाकों में आग लगने का खतरा बना रहता है। लेकिन वर्तमान हालात में दमकल विभाग की प्रतिक्रिया समय पर गंभीर असर पड़ रहा है। कई बार सूचना मिलने के बाद भी गाड़ियां समय पर नहीं पहुंच पा रही हैं, जिससे नुकसान बढ़ने की आशंका बनी रहती है।



### क्या कहते हैं अधिकारी

नारनौल दमकल केंद्र से फायर अधिकारी जयवीर ने बताया कि 60 में से 40 कर्मचारी नौ दिन से हड़ताल पर है। फिर भी उनका प्रयास है कि जिला में आगजनी की घटना पर फायर गाड़ियों को समय पर भेजा जाए। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों की डिमांड पर उच्च अधिकारी ही कुछ कह सकते है।

### हड़ताली अपनी मांग पर अड़े, राजी नहीं कर पा रही सरकार

हड़ताल पर बैठे अस्थाई कर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से नियमितीकरण, वेतन बढ़ोतरी और बेहतर कार्य परिस्थितियों की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही। मजबूर होकर उन्हें हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा है। दूसरी ओर प्रशासन का कहना है कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है और समाधान निकालने के प्रयास जारी हैं। वहीं स्थानीय लोगों में इस स्थिति को लेकर भारी चिंता है। उनका कहना है कि अगर इसी तरह हालात बने रहे तो किसी बड़ी आगजनी की घटना में भारी नुकसान हो सकता है। नागरिकों ने प्रशासन से जल्द से जल्द हड़ताल खत्म करवाने और दमकल विभाग को मजबूत करने की मांग की है।

### जिले की भौगोलिक व दमकल केंद्र की स्थिति

जिले का कुल क्षेत्रफल 1939.6 वर्ग किलोमीटर हैं, जिसमें से 1916.9 वर्ग किलोमीटर ग्रामीण और 22.7 वर्ग किलोमीटर शहरी क्षेत्र में आता है। इसमें नारनौल उप मंडल का कुल क्षेत्रफल 952.9 वर्ग किलोमीटर और महेन्द्रगढ़ व कनीना उपमंडल का कुल क्षेत्रफल 986.7 वर्ग किलोमीटर है। दमकल केंद्र की बात करें तो नारनौल, महेंद्रगढ़, कनीना, अटेली व नांगल चौधरी में है। नारनौल में दो गाड़ी व एक रैक्श्यू गाड़ी, महेंद्रगढ़ में दो गाड़ी और कनीना, अटेली व नांगल चौधरी में एक-एक फायर गाड़ियां है। एक गाड़ी की पानी लेकर जाने की क्षमता 5500 लीटर है। विशेषज्ञों का मानना है कि इतने बड़े क्षेत्र के लिए फायर स्टेशनों की संख्या बढ़ाने, आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने और पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित कर्मचारियों की नियुक्ति बेहद जरूरी है। साथ ही अस्थाई कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान कर उन्हें कार्य पर लौटाना भी प्राथमिकता होनी चाहिए। कुल मिलाकर महेंद्रगढ़ जिले की दमकल व्यवस्था इस समय संकट के दौर से गुजर रही है। यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आगजनी की घटनाओं से निपटना और अधिक चुनौतीपूर्ण हो सकता है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ सकता है।

---

## खबर संक्षेप

### महिला को गाड़ी ने मारी टक्कर, मौत

**कनीना।** मालडा बास में घर के बाहर सफाई कर रही एक महिला को गाड़ी चालक ने टक्कर मार दी। महिला के पति प्रवीन कुमार ने गाड़ी के नीचे से निकाल कर उसे उप नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ़ में दाखिल कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की पहचान मंजू देवी के रूप में हुई है, जो रोजमर्रा की भांति घर के बाहर सफाई कर रही थी।

### 12 ग्राम हेरोइन के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** सीआईए ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 12 ग्राम अवैध मादक पदार्थ चिट्टा हेरोइन बरामद किया है। सीआईए को गुप्त सूचना मिली कि नियाज अलीपुर निवासी दीपक व बाछौद निवासी मोहित एक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर नशीला पदार्थ बेचने के इरादे से आ रहे हैं। पुलिस ने मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट को बुलाया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में आरोपितों की तलाशी ली गई, तो एक पारदर्शी पॉलिथीन के अंदर 12 ग्राम चिट्टा हेरोइन बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत मादक पदार्थ को सील कर मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में ले लिया।

### सीएम ने विकास कार्यों को लेकर लिया फीडबैक

**नारनौल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश भर की नगर पालिकाओं में गठित वार्ड समितियों के सदस्यों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा संवाद किया गया। स्थानीय स्तर पर यह कार्यक्रम पंचायत भवन में आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्थानीय विकास कार्यों व नागरिक भागीदारी को लेकर सदस्यों से विस्तार से चर्चा की और उनसे फीडबैक लिया। इस मौके पर कार्यकारी अधिकारी जोगेंद्र सिंह कालीरमन, मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी सौरभ सोनी उपस्थित रहे।

### मंडलाना में शहीद की प्रतिमा का अनावरण कल

**नारनौल।** मंडलाना निवासी शहीद सिपाही ओमप्रकाश यादव की प्रतिमा का अनावरण 18 अप्रैल को किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव शामिल होंगे। अध्यक्षता ब्रिगेडियर मोहन सिंह शेखावत करेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के डॉ. टीसी राव उपस्थित रहेंगे। बता दें कि शहीद ओमप्रकाश यादव ने मात्र 24 वर्ष की आयु में देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। शहीद ओमप्रकाश यादव के दो बेटे हैं।

### जोगी नाथ समाज उत्थान संगठन की बैठक 19 को

**नारनौल।** जोगी नाथ समाज उत्थान संगठन की आम बैठक 19 अप्रैल 11 बजे गुरु गोरखनाथ मंदिर कैलाश नगर रेवाड़ी रोड में होगी। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान प्यारेलाल योगी करेंगे। सचिव नरेंद्र योगी ने बताया कि बैठक में लेखा जोखा प्रस्तुत किया जाएगा।

---

## आक्रोशित ग्रामीणों ने हत्यारोपितों की गिरफ्तारी करने को लेकर दिया धरना

# गोल्ड लोन बैंक कर्मी की हत्या, हत्यारोपी व क्षेत्राधिकार में उलझी पुलिस पर हो कार्रवाई

**दोषी पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर शुरू किया धरना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

जिले से एक हत्या का मामला सामने आया है। गुढ़ा गांव के रहने वाले युवा दिनेश कुमार की कुछ युवकों ने लाठी-डंडों से बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। बुधवार देर रात उसका शव बुचावास के समीप मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। हताश परिजन एवं ग्रामीण हत्यारोपितों को गिरफ्तार करने व महेंद्रगढ़ सिटी थाना इंचार्ज व आईओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर शहर थाना गेट पर धरने पर बैठ गए। शव का तब तक अंतिम संस्कार नहीं करने का फैसला लिया, जब तक आरोपितों को गिरफ्तार नहीं कर लिया जाता और दोषी पुलिस कर्मचारियों को सस्पेंड नहीं कर दिया जाता।



मृतक दिनेश कुमार

मृतक दिनेश कुमार की बहन नीतू ने महेंद्रगढ़ सिटी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दिनेश महेंद्रगढ़ स्थित एक फाइनेंस कंपनी आईआईएफएल गोल्ड लोन में कार्यरत था। जिसके शाखा प्रबंधक पंकज ने बताया कि बुधवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे कार्यालय से निकला था, लेकिन इसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। परिजनों ने पहले तो उसे अपने स्तर पर तलाशने का प्रयास किया, लेकिन जब उसका कुछ पता नहीं चला, तो चिंता बढ़ गई। सायं करीब पौने पांच बजे दिनेश के मोबाइल फोन से घर कॉल आई, जिसमें दिनेश की बजाय कोई अन्य व्यक्ति बात कर रहा था। जिसके नाम व स्थान आदि के बारे में नहीं बताया गया। जिसने उसकी पत्नी से बात करने की बात कही। फोन में दिनेश को बेरहमी से पीटे जाने पर दया की भीख मांगने की आवाजें सुनाई दे रही थी। करीब 11 मिनट की इस बातचीत में परिजनों ने भी उसे बख्शीश देने की अपील की थी। देर रात जब बुचावास के पास एक युवक का शव मिलने व महेंद्रगढ़ अस्पताल भेजे जाने की सूचना मिली, तो परिजन वीरवार सुबह महेंद्रगढ़ पहुंचे। मृतक की पहचान दिनेश कुमार के रूप में हुई। शव की हालत देखकर साफ अंदाजा लगाया जा रहा है कि दिनेश की हत्या बेहद क्रूर तरीके से की गई है। उसके शरीर पर चोट के कई निशान पाए गए हैं, जिससे प्रतीत होता है कि उसे बुरी तरह पीटा गया था। नीतू ने बबीता, उसके पति व अन्य साथियों पर हत्या के आरोप लगाए हैं। जिनका नाम पते की पहचान करने के लिए पुलिस तफ्तीश कर रही है। बहरहाल इस घटना ने न केवल परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।




कनीना। बेरहमी से पीटे गए युवक के शरीर पर दिखाई देते घाव व हत्यारोपितों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस ने गिरफ्तार किए तीन आरोपित

*महेंद्रगढ़। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए गांव गुढ़ा निवासी दिनेश की हत्या के मामले को सुलझा लिया है। पुलिस ने इस जघन्य अपराध में संलिप्त तीन आरोपित कपिल निवासी बवानिया, राहुल निवासी सिसोठ व आरव निवासी महेंद्रगढ़ को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की गंभीरता को देखते पुलिस अधीक्षक ने स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण किया और आरोपितों की अविलंब गिरफ्तारी के लिए सीआईए, साइबर सेल व थाना पुलिस की विशेष टीमों का गठन किया। टीमों की कड़ी मशक्कत के बाद तीन आरोपितों को काबू कर लिया गया। फिलहाल पुलिस गिरफ्त में आए आरोपितों से पूछताछ कर रही है, ताकि इस वारदात के पीछे के कारणों का पता लगाया जा सके।*



महेंद्रगढ़। पुलिस गिरफ्त में तीनों आरोपित।

### शव का बोर्ड से कराया पोस्टमार्टम

पुलिस नीतू की शिकायत पर शव को कब्जे में लेकर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। हालांकि अभी तक हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर कानून व्यवस्था और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि पुलिस कितनी जल्दी इस मामले का खुलासा कर आरोपितों को सजा दिला पाती है।

### पुलिस की कार्यप्रणाली पर लगे सवालिया निशान

घटना के बाद पुलिस प्रशासन की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में आ गई है। बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर शव मिला, वह महेंद्रगढ़ सदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है, लेकिन महेंद्रगढ़ सिटी थाना पुलिस इस मामले को गुढ़ा का निवासी बताते हुए उसे कनीना थाना का बताकर पल्ला झाड़ती रही। वहीं कनीना थाना पुलिस इसे महेंद्रगढ़ का मामला बताकर जिम्मेदारी लेने से बचती रही। दोनों थानों के बीच क्षेत्राधिकार को लेकर चली इस खींचतान के कारण मामले में समय पर कार्रवाई नहीं हो सकी। परिजनों व ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस समय रहते सक्रिय होती और जिम्मेदारी से काम करती, तो शायद दिनेश की जान बचाई जा सकती थी। पुलिस की लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है और उन्होंने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की है।

### क्या कहते हैं थाना प्रभारी

इस बारे में महेंद्रगढ़ सदर थाना इंचार्ज पवन कुमार ने कहा कि शव का पोस्टमार्टम करवा दिया गया है। हत्यारोपितों की तलाश जारी है। पुलिस टीमें उनके पीछे लगी हुई हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर कूच करने की तैयारी में है। समाचार लिखे जाने तक शव अस्पताल में रखा हुआ था और ग्रामीण थाने के गेट पर धरनारत थे।

---



नारनौल। छापेमार कार्रवाई करती मंडी के अधिकारियों की टीम। फोटो : हरिभूमि

**जिले में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी**

## टीम ने मंडी फीस व जुर्माने के रूप में वसूले 7.5 लाख

- जिले में अवैध रूप से की जा रही ट्रेडिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई
- मौके पर ही भरवाई जा रही सरसों की मार्केट फीस व जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

इन दिनों मंडियों में रबी मार्केटिंग सीजन–2026 के तहत सरसों एवं गेहूं की खरीद चल रही है। इसके तहत बोर्ड मुख्यालय पंचकूला द्वारा मार्केट फीस की चोरी रोकने के लिए गठित टीम ने जिला महेंद्रगढ़ में विभिन्न स्थानों पर छापे मारी की तथा जुर्माना एवं फीस के रूप में करीब साढ़े सात लाख रुपये राजस्व के रूप में जुटाए।

जानकारी मुताबिक जिले की निरीक्षण टीम में एजीएम विजय कथूरिया, डीएमइओ जगजीत सिंह कादियान, सहायक सचिव राजेश, नीलामी अभिलेखक मनजीत डांडा, लिपिक सुनील, लिपिक हरिकांत एवं पीसीसी खेमकरण की संयुक्त टीम द्वारा जिले में अवैध रूप से की जा रही ट्रेडिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने महेंद्रगढ़ जिले में तेल मिलों व अवैध रूप से सरसों का स्टॉक करने वालों से लगभग 7,50,000 रुपये की फीस व जुर्माना वसूल करने में कामयाबी हासिल की है।

बता दें कि गत 7 अप्रैल से जिले में टीम द्वारा छापेमारी करके अवैध रूप से भंडारण की गई सरसों की मार्केट फीस व जुर्माना मौके पर ही भरवाई जा रही है। इसके अतिरिक्त मंडी में जिले की मंडी में लाइसेंसधारियो द्वारा जिन्होंने खरीद से संबंधित आवश्यक दस्तावेज अच्छे से मेंटेन नहीं कर रखे हैं, उनसे भी जुर्माना सहित फीस वसूल की है।

### मंडी सचिवों को सख्त आदेश

डीएमईओ जगजीत सिंह कादियान मुताबिक जिले के सभी मंडी सचिवों को सख्त आदेश दिया गया है कि मंडी में फसल बेचने आए किसानों को बिजली, पानी, साफ सफाई व अटल सेवा कैंटीन को सुचारू रूप से चलाएं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। कादियान ने बताया कि भविष्य में भी समय-समय पर इस प्रकार की चेकिंग की जाएगी, जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान न हो।

---

## राता कलां में आग से 12 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

गांव राता कलां में वीरवार दोपहर करीब एक बजे उस वक्त बड़ा हादसा हो गया, जब एक किसान की खड़ी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। तेज हवा एवं गर्मी के चलते आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया और करीब 12 एकड़ में खड़ी फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी, लेकिन सबसे गंभीर बात यह रही कि दमकल विभाग की गाड़ी करीब एक घंटे की देरी से मौके पर पहुंची। इस दौरान आग लगातार फैलती रही और आसपास के खेतों को भी अपनी चपेट में लेती गई।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि फायर ब्रिगेड समय पर पहुंच जाती तो नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता था। गांव के लोगों में इस देरी को लेकर खासा रोष देखने को मिला। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बार-बार सूचना देने के बावजूद दमकल विभाग की ओर से कोई त्वरित कार्रवाई नहीं हुई। सरपंच प्रतिनिधि बेदु ने बताया कि फायर ब्रिगेड के समय पर न पहुंचने के कारण गांव के सैकड़ों लोगों को खुद ही मोर्चा संभालना पड़ा।



मंडी अटेली। राता कलां में गेहूं की फसल में लगी आग। फोटो : हरिभूमि

## नई डीसी होंगी अनुपमा अंजलि



**नारनौल।** सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर अहम फेरबदल करते हुए दो आईएएस अधिकारियों के तबादले व नई नियुक्तियां की हैं। इस संबंध में 16 अप्रैल को जारी आदेश के अनुसार राज्यपाल की मंजूरी के बाद ये नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई हैं। आदेश के मुताबिक आईएएस अधिकारी मनोज कुमार, जो वर्तमान में महेंद्रगढ़ (नारनौल) में उपायुक्त के पद पर कार्यरत थे, उन्हें अब सरकार के वित्त विभाग में विशेष सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। वहीं, आईएएस अधिकारी अनुपमा अंजलि, जो अब तक एचएसवीपी फरीदाबाद में प्रशासक तथा शहरी संपदा विभाग में अतिरिक्त निदेशक के पद पर कार्यरत थी, उनको महेंद्रगढ़ (नारनौल) का नया उपायुक्त नियुक्त किया गया है।

### सीटू ने सौंपा ज्ञापन

## आंदोलन पर पुलिस दमन की निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सीटू जिला प्रधान हरिराम की अध्यक्षता में सीटू प्रतिनिधि मंण्डल ने राज्य में न्यूनतम वेतन लागू करवाने व गुड़गांवा (मानेसर) व अन्य स्थानों पर जारी शांतिपूर्वक आन्दोलन पर पुलिस दमन के खिलाफ ज्ञापन उपायुक्त के नाम एसडीएम अनिरुद्ध यादव को सौंपा। जिसमें कहा कि हरियाणा सरकार ने न्यूनतम वेतन 15200 रुपये बढ़ोतरी की घोषणा की है, जो कि बहुत ही कम है, क्योंकि पिछली बार वेतन रिविजन 21.10.2015 को हुआ था तथा इसे एक नवंबर 2015 से लागू किया गया था। कानून के अनुसार प्रत्येक पांच वर्ष में न्यूनतम वेतन रिवाइज होता है, जिसकी अवधि 2020 में समाप्त हो चुकी है और इसको छह साल गुजर जाने के बाद 2026 में केवल 15200 रुपये न्यूनतम वेतन लागू किया।



नारनौल। एसडीएम अनिरुद्ध यादव को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ये हैं मुख्य मांगें

राज्य में 23196 रुपये न्यूनतम वेतन दिया जाए, सरकार की ओर से जारी नोटिफिकेशन लागू हो, मानेसर, गुरुग्राम में धारा 163 हटाई जाए, मजदूरों पर पुलिस दमन तुरन्त बन्द हो, गिरफ्तार मजदूरों को तुरन्त रिहा किया जाए, घायल मजदूरों का इलाज करवाया जाए, सभी मजदूरों के लिए सरकारी रेट पर एलपीजी गैस की व्यवस्था करवाई जाए, ओवर टाइम कार्य का मजदूरों को डबल वेतन दिलाना सुनिश्चित किया जाए, आन्दोजनकारी मजदूरों को सभी मांगों का निपटारा किया जाए, सफीदों, पानीपत, फरीदाबाद सहित औद्योगिक दुर्घटनाओं में मारे गए मजदूरो के परिजनों को 50 लाख रुपये मुआवजा मिले व घायलों को 10 लाख रुपये दिए जाए, लेबर कोड्स वापस लिए जाए, श्रम कानूनों की सख्ती से पालना सुनिश्चित हो, पिछले 10 महीनों से बन्द भवन निर्माण कल्याण बोर्ड हरियाणा की साईट को जल्द से जल्द खोला जाए।

---

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

### दो आरोपितों को पकड़ा

**नारनौल।** सीआईए ने मादक पदार्थों की तस्करी के रैकेट का पर्दाफाश करते हुए दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस पूरे मामले में एक नाइजीरियाई सप्लायर सहित अब तक कुल पांच आरोपित पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं। पुलिस ने 14 अप्रैल को दो अन्य आरोपित विनोद व रिंकू निवासी मोहल्ला मिश्रावाड़ा को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद आरोपितों से 15000 रुपये की नकदी बरामद की गई। आरोपित विनोद हिस्ट्री शीटर है।

---

**स्वास्थ्य मंत्री के सहयोग से जिले को और मिलेगी 30 करोड़ की राशि**

### सांसद ने मुख्य वास्तुकार को लिखा था पत्र

# जिले की 1 सीएचसी और 3 पीएचसी निर्माण का रास्ता साफ, साइट प्लान को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

जिले में तीन नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनने का रास्ता साफ हो गया है। विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि गांव पाली, बिगोपुर एवं सिरोही बहाली में बनने वाले नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का साइट प्लान मंजूर हो गया है। इसके साथ-साथ गांव दोचाना में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए भी साइट प्लान मंजूर हो गया है।

सांसद धर्मबीर सिंह एवं स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के प्रयास से इनके निर्माण के लिए केन्द्र के 15वें वित्त आयोग में फंड मंजूर हो रखा है। इनके साइट प्लान की मंजूरी लम्बे समय से चंडीगढ में मुख्य वास्तुकार कार्यालय में लंबित थी। इसे लेकर सांसद धर्मबीर सिंह ने वास्तु कला विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं मुख्य वास्तुकार को पत्र लिखकर इन सभी के साइट प्लान जल्द-से-जल्द मंजूर करने बारे कहा था। इसके साथ-साथ हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के संज्ञान में भी ये मामला लाया गया था। अब इन चारों भवनों के निर्माण के लिए साइट प्लान को मंजूरी मिल गई है। संदीप मालड़ा ने बताया कि साइट प्लान मंजूर करके हरियाणा के स्वास्थ्य महानिदेशक को भेज दिया गया है। वहां से जल्द ही इनके निर्माण के लिए आगे की कार्रवाई शुरू करवाई जाएगी। इनके निर्माण से एक लाख से भी अधिक की आबादी को सीधा लाभ होगा। लगभग 50 गांवों के लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव और सांसद धर्मबीर सिंह के बीच बेहतर तालमेल का पूरे जिले को लाभ मिल रहा है।

- सांसद ने लिखा था वास्तुकला विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं मुख्य वास्तुकार को पत्र
- स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के संज्ञान में लाया गया था मामला
- 1.34 एकड़ में बनेगा बिगोपुर का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र
- 1.26 एकड़ में बनेगा पाली का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र
- 1.36 एकड़ में बनेगा सिरोही बहाली का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र
- 10 .07 एकड़ में बनेंगा दोचाना का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

*इन सभी स्वास्थ्य केंद्र भवनों के निर्माण से एक लाख से अधिक की आबादी को मिलेंगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलेंगी। लगभग 50 गांवों के लोगों को लाभ होगा।*